संपन्न परियोजना

चर्चा में क्यों?

SAMPANN (सिस्टम फॉर अकाउंटिंग एंड मैनेजमेंट ऑफ पेंशन) परियोजना के माध्यम से एक लाख से अधिक लोगों को सीधे उनके बैंक खातों में पेंशन दी जा रही है।

प्रमुख बिंदु:

- **संपन्न परियोजना:**
  - इसे **वर्ष 2018 में लॉन्च** किया गया था। यह दूरसंचार विभाग के पेंशनभोगियों के लिये एक सहज**ऑनलाइन पेंशन प्रसंस्करण और भुगतान प्रणाली** है।
  - यह पेंशनभोगियों के बैंक खातों में पेंशन का सीधा क्रेडिट प्रदान करता है।
  - यह संचार मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही एक महत्वाकांक्षी परियोजना है।
  - इस प्रणाली ने विभाग को पेंशन मामलों के **तेज़ी से निपटान, बेहतर समाधान/लेखापरीक्षा और लेखांकन को आसान बनाने में मदद** की है।
  - इसके द्वारा 6 महीने की अल्प अवधि में ही भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना 2019 के करीब 76,000 मामलों को निपटाने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
  - यह एक लचीली डिज़ाइन वाली प्रणाली है जो इसे लगातार बढ़ती आवश्यकताओं को समायोजित करने में सक्षम बनाती है।
- **लाभ :**
  - पेंशन मामलों का समय पर निपटारा।
  - **ई-पेंशन भुगतान आदेश** का प्रावधान जो भुगतान प्रक्रिया को आसान और परेशानी मुक्त बनाती है।
  - प्रत्येक पेंशनभोगी के लिये **लॉग इन भुगतान** हिस्ट्री जैसी महत्त्वपूर्ण जानकारी तक पहुँच को सक्षम बनाता है।
  - शिकायतों का **ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण और समय पर एसएमएस अलर्ट** दिया जाना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sampann-project